हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
बुधवार, 17 फरवरी 2021, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर
www.livehindustan.com

PAGE NO. 06 : RIGHT MIDDLE

एसआरएमएस में मनाई गई बसंत पंचमी

बरेली। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थानों में मंगलवार को बसंत पंचमी समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मां सरस्वती की पूजा की गई। एसआरएमएस मेडिकल कालेज में लाइब्रेरी और ऑडिटोरियम में सरस्वती पूजन किया गया। पैरामेडिकल की छात्राओं ने सरस्वती वंदना... हे हंसवाहिनी ज्ञान दायिनी प्रस्तुत की और मेडिकल की छात्राओं ने हे स्वर की देवी मां, वाणी में मधुरता दो भजन प्रस्तुत किया। इस मौके पर एसआरएमएस मेडिकल कालेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति, कालेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर डा. एसबी गुप्ता, एमएस डा. आरपी सिंह, डीन पीजी डा. पियूष अग्रवाल, प्रिंसिपल पैरामेडिकल कालेज डा. कृष्ण गोपाल आदि मौजूद रहे।